तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, रविवार 12 अप्रैल 2026



10 पारिवारिक कलह में पति ने पत्नी की हत्या कर ...



11 निर्माण कार्यों में हजारों पेड़ों की बलि






## खबर संक्षेप

### शहर के दो मुक्तिधामों का करेंगे कायाकल्प

**जगदलपुर।** राज्य प्रवर्तित मुक्तिधाम योजना के तहत शहर के दो मुक्तिधामों के उन्नयन और विकास कार्य हेतु 57.77 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। लोकमान्य तिलक वार्ड के मुक्तिधाम के लिए 27.79 लाख रुपये तथा लालबहादुर शास्त्री वार्ड के मुक्तिधाम के लिए 29.98 लाख रुपये की राशि की मंजूरी दी गई है। जहां सुरक्षा हेतु बाउण्ड्रीवाल, वेटिंग शेड, स्वच्छ पेयजल तथा प्लांटेशन कार्य होंगे। अंतिम संस्कार के दौरान नागरिकों को धूप, बारिश और अन्य असुविधाओं से राहत मिलेगी। बाउण्ड्रीवाल निर्माण से भूमि सुरक्षित होगी और अतिक्रमण या लावारिस पशुओं के प्रवेश पर रोक लगेगी। वृक्षारोपण से हरियाली बढ़ेगी और परिसर में शांतिपूर्ण वातावरण होगा। महापौर संजय पांडेय ने उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव, प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव, कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप तथा सांसद महेश कश्यप का आभार व्यक्त किया है।



### अबुझमाड़िया और गोंड जनजातियों पर शोध

**जगदलपुर।** प्राचार्य शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ने बयान जारी कर महाविद्यालय में प्रोजेक्ट रिसर्च फेलो और असिस्टेंट के पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू होने की बात कही है। यह नियुक्ति डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी आईआईटी भिलाई इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फाउंडेशन, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई द्वारा प्रायोजित एक विशेष शोध परियोजना के अंतर्गत की जाएगी। जिसे जनजातीय क्षेत्र उपयोजना के तहत संचालित किया जा रहा है। इस शोध का मुख्य केंद्र अबुझमाड़िया और गोंड जनजातियों की स्वास्थ्य स्थितियों का मूल्यांकन करना है। यह शोध बस्तर की प्राचीन ज्ञान परंपरा को आधुनिक विज्ञान से जोड़ने की दिशा में एक बड़ा कदम है। आवेदन की अंतिम तिथि 25 अप्रैल है।

### स्वामी आत्मानंद स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती शुरू

**जगदलपुर।** बस्तर जिले में संचालित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालयों के रिक्त पदों पर संविदा भर्ती की प्रक्रिया शुरू की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी ने इन पदों पर नियुक्ति के लिए प्रेस विज्ञप्ति जारी किया है। आगामी 27 अप्रैल शाम 5:30 बजे तक आवेदन प्रेषित करना होगा। निर्धारित समय-सीमा के पश्चात प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। आवेदन पत्र केवल पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही जिला शिक्षा अधिकारी, जगदलपुर कार्यालय के पते पर भेज सकेंगे।






# बस्तर के मुद्दे पर राष्ट्रपति से मिलेंगे कांग्रेस नेता, ढाई साल में सरकार पूरी तरह हुई नाकाम : बैज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि छत्तीसगढ़ का पैसा पश्चिम बंगाल और असम जैसे राज्यों में खर्च किया जा रहा है। जबकि प्रदेश मूलभूत समस्याओं से जूझ रहा है। उन्होंने कानून-व्यवस्था की स्थिति को गंभीर बताते कहा कि बलात्कार, हत्या, चोरी और डकैती जैसे अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। स्थिति इतनी भयावह हो गई है कि थानों में एफआईआर दर्ज तक नहीं की जा रही। प्रेसवार्ता में नेताओं ने कहा कि 27 माह के कार्यकाल में प्रदेश को विकास की दिशा में कोई ठोस उपलब्धि नहीं मिली। महिला एवं बाल विकास विभाग में भ्रष्टाचार, योजनाओं में अनियमितता और प्रशासनिक निष्क्रियता को लेकर सवाल उठाए गए। सरकार केवल दावे कर रही है जबकि जमीनी हकीकत विपरीत है। प्रेसवार्ता में विधायक सावित्री मंडावी और विक्रम मंडावी सहित अन्य नेता मौजूद थे। दीपक बैज ने मांग उठाई कि एनएमडीसी का मुख्यालय हैदराबाद से हटाकर बस्तर में स्थापित किया जाए। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर मिल ▶▶| शेष पेज 10 पर

### कांग्रेस नेताओं ने सरकार पर लगाए कई गंभीर आरोप

#### आदिवासी मुख्यमंत्री फिर भी बेरोजगारी

उप नेता प्रतिपक्ष लखेश्वर बघेल ने कहा कि आदिवासी मुख्यमंत्री होने के बावजूद स्थानीय युवाओं को भर्ती में प्राथमिकता नहीं मिल रही है। इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस जल्द ही राष्ट्रपति से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपेगी। पूर्व पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि बस्तर को नक्सलमुक्त करने के नाम पर उद्योगपतियों को सौंपने की साजिश रची जा रही है, जिससे स्थानीय संसाधनों पर बाहरी नियंत्रण बढ़ेगा।



#### सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल निजी हाथों में

पूर्व विधायक रेखचन्द जैन ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा शुरू की गई सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल की पहल को वर्तमान सरकार ने निजी हाथों में सौंपकर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है। वहीं रोजगार, शिक्षा और बुनियादी सुविधाओं के मोर्चे पर भी सरकार नाकाम है।

### भोपालपटनम पहुंचे चेंबर पदाधिकारी, संगठित होकर अवसर का लाभ उठाने पर बनी सहमति

# नक्सल मुक्त बस्तर में स्थानीय व्यापार बढ़ाने मिलजुल कर काम करने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

बस्तर के अंतिम छोर भोपालपटनम में बस्तर चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों की बैठक हुई। जिसमें क्षेत्र के नक्सल मुक्त होने के बाद व्यापार और उद्योग की संभावनाओं पर चर्चा की गई। स्थानीय व्यापारी संघ ने अतिथियों का स्वागत कर व्यापारियों से जुड़े मुद्दों और क्षेत्रीय विकास पर सुझाव दिए।

चेंबर अध्यक्ष श्याम सोमानी ने कहा कि बस्तर अब नक्सल प्रभाव से मुक्त हो चुका है। जिससे व्यापार और उद्योग के नए अवसर तेजी से खुलेंगे। उन्होंने कहा कि इस बदलते माहौल में व्यापारियों को एकजुट होकर संगठित शक्ति के रूप में कार्य करना होगा। आपसी सहयोग, पारदर्शिता और संगठन की मजबूती से ही क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी। उन्होंने व्यापारियों से नए सदस्य जोड़कर संगठन को



मजबूत बनाने का आह्वान करते हुए सदस्यता अभियान चलाने का संकल्प दिलाया। इस दौरान व्यापारियों ने जीएसटी से संबंधित समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष विमल बोथरा ने कहा कि जीएसटी नियमों की जटिलताओं के कारण छोटे और मध्यम व्यापारी परेशान हैं। इस समस्या के समाधान के लिए बीजापुर जिले में विशेष कार्यशाला आयोजित करने की घोषणा की गई। जिसमें जीएसटी अधिकारियों द्वारा व्यापारियों को जीएसटी नियमों की जानकारी दी जाएगी और उनकी शंकाओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि व्यापारियों को नियमों की सही जानकारी मिलने से अनावश्यक परेशानियां कम होंगी। बैठक में उपाध्यक्ष राजकुमार दंडवानी, उपाध्यक्ष मोहम्मद इरशाद खान, बीजापुर से चेंबर मंत्री नरेश राठी, भोपालपटनम व्यापारी संघ के अध्यक्ष प्रेम कुमार, तेज नारायण सिंह, जी. मुरली, अनिल जनम, रामू गुप्ता, मुरली चांडक, पी. श्रीनिवास, पी. राजेश, मिनाज अहमद, संजय सिंह, पी. नंदूकुमार, मद्देड से चित्तापुरी पुरुषोत्तम, हेमंत तिवारी, चित्तापुरी प्रवीण, पी. सचिन, पी. वेंकटेश सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

#### निवेश, परिवहन, भंडारण की बढ़ेगी संभावना

बैठक में व्यापारियों की एकता और संगठन को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। चेंबर पदाधिकारियों ने कहा कि व्यापारियों की सामूहिक शक्ति से क्षेत्र में निवेश, परिवहन, भंडारण और नए उद्योगों की संभावनाएं बढ़ेंगी। साथ ही स्थानीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए समन्वित प्रयास करने की आवश्यकता बताई गई।

#### मां भद्रकाली दर्शन कर समृद्धि की कामना

बैठक के बाद चेंबर अध्यक्ष ने मां भद्रकाली मंदिर में दर्शन कर क्षेत्र की समृद्धि की कामना की। उन्होंने व्यापारियों से संगठन के साथ जुड़कर क्षेत्र के आर्थिक विकास में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।

## ट्रैवल एजेंसी उपभोक्ता को अदा करेगी 1.50 लाख, मानसिक क्षतिपूर्ति 50 हजार अलग से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा शुक्रवार को एक प्रकरण में हॉली डे ट्रायंगल ट्रैवल प्राइवेट लिमिटेड गुरुग्राम हरियाणा द्वारा आवेदिका को एक लाख 50 हजार रूपए की राशि वापस एवं मानसिक क्षतिपूर्ति हेतु 50 हजार रूपए पृथक से दिया जाएगा। उक्त आदेश आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ ने जारी किया। न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर निवासी बिंदु विश्वकर्मा द्वारा परिवार के सदस्यों एवं अन्य लोगों के साथ हॉली डे ट्रायंगल ट्रैवल प्राइवेट लिमिटेड गुरुग्राम हरियाणा के माध्यम से हांगकांग एवं मकाव घूमने का ट्रिप बनवाया गया था। इसके जिले आवेदिका से 8 व्यक्तियों का शुल्क 7 लाख रुपए प्राप्त किया गया था। निर्धारित स्थल पर पहुंचने के पश्चात आइटिनरी में उल्लेखित स्थान पर आवेदिका एवं उसके परिवार के सदस्यों को नहीं घुमाया गया और रुकने की व्यवस्था भी सामान्य होटल में की गई थी, जबकि आइटिनरी में 4 स्टार होटल का उल्लेख किया गया था। विदेश में भाषा की परेशानी के कारण आवेदिका को गंभीर परेशानी झेलनी पड़ी, क्योंकि हांगकांग में चाइनीस भाषा ही बोली जाती है, हिंदी-अंग्रेजी नहीं बोली जाती है। इससे क्षुब्ध होकर आवेदिका का द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी। इस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने यह माना कि आवेदिका से अत्यधिक ▶▶| शेष पेज 10 पर

■ जिला उपभोक्ता आयोग की संयुक्त खंडपीठ ने किया आदेश

## उपज की आवक की कमी, पर मंडी शुल्क से आय 29 फीसदी बढ़ी

मंडी के जेडी ने 11 मंडी सचिवों की ली मैराथन बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मंडी के संयुक्त संचालक ने 11 मंडी सचिवों के साथ एक मैराथन बैठक आयोजित की, जिसमें उपज की आवक कम होने पर चर्चा हुई। वहीं दूसरी ओर विपणन की ओर से बकाया मंडी शुल्क का भुगतान होने के चलते मंडी की आय में वृद्धि हुई। मंडी की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने के उपायों पर विचार-विमर्श किया गया। मंडियों में अवसंरचना विकास, किसानों की सुविधा और राजस्व वसूली की समीक्षा की। बैठक मंडी के कामकाज की समीक्षा और सुधार के लिए आयोजित की गई। साथ ही मंडी कार्यों को गति देने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। समीक्षा में प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले वर्ष से इस वर्ष उपज की आवक लगभग 3 फीसदी कमी हुई पर विपणन की ओर से दिए गए बकाया मंडी शुल्क का भुगतान से मंडी की आय 29 फीसदी बढ़ी है। इसके अलावा मंडी के रणनीति पर चर्चा हुई। वहीं सचिवों ने बताया कि मंडी शुल्क में कमी करने और छूट देने से आर्थिक स्थिति पर असर पड़ा है।

■ मंडी शुल्क में कमी व छूट देने से आर्थिक स्थिति पर पड़ा असर

#### राजस्व बढ़ाने के दिए निर्देश

राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक सुरेश कुमार सिंह ने मंगलवार को आयोजित समीक्षा बैठक में मंडियों की कार्यप्रणाली में सुधार और राजस्व बढ़ाने के लिए कड़े कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। मंडी समितियों की आर्थिक स्थिति को सुधारने, कर चोरी रोकने और ई-नाम के माध्यम से पारदर्शी व्यापार को बढ़ावा दें।

### पशुओं को बीमारी से बचाने अभियान शुरू

**जगदलपुर।** आकांक्षी जिला बस्तर और विकासखण्ड तोकापाल के पशुधन को सुरक्षित करने के उद्देश्य से पशुधन विकास विभाग ने व्यापक टीकाकरण अभियान का आगाज किया है। कलेक्टर आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में मिशन में खुरपका-मुंहपका रोग के नियंत्रण के लिए 15 मार्च से 30 अप्रैल तक पूरे जिले में अभियान जारी रहेगा। यह बीमारी एक सूक्ष्म विषाणु के संक्रमण से फैलती है जो गाय, भैंस, बकरी और सूअर जैसे खुर वाले पशुओं को अपना शिकार बनाती है। यदि समय रहते इसका उपचार या टीकाकरण न किया जाए तो यह संक्रमण उग्र रूप ले लेता है। संक्रमित पशुओं में मुंह से चिपचिपी लार गिरना, लंगड़ापन, खुरों और मुंह में छाले पड़ना तथा दुधारू पशुओं के दूध उत्पादन में अचानक कमी आना जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। जिले भर में 64 टीकाकरण टीमों का गठन किया गया है। टीमें गांव-गांव और घर-घर दस्तक देकर टीकाकरण कर रही हैं। संयुक्त संचालक डॉ. देवेन्द्र कुमार नेताम ने कहा है कि पशुपालक इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए अपने पशुओं का टीकाकरण अनिवार्य रूप से करवाएं।

## घर चलो अभियान में लच्छिनदई व तुलसी का शाल श्रीफल से सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार से शहरी क्षेत्र में बस्ती चलो घर चलो अभियान आरंभ किया। पश्चिमी नगर मण्डल में मां दंतेश्वरी शक्ति केंद्र और पूर्वी नगर मण्डल में विवेकानन्द शक्ति केंद्र से कार्यकर्ताओं ने अभियान की शुरूआत की। जिसमें जनसंपर्क करते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों से मुलाकात, वरिष्ठों का सम्मान किया गया। गंगानगर, दंतेश्वरी और राजेंद्र नगर वार्ड में कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क कर आमजन से भेंट की

■ हितग्राहियों को योजनाओं के लाभ से अवगत रहे भाजपाई



और वरिष्ठ तुलसी ठाकुर व लच्छिनदई ठाकुर का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। वहीं अनुकूल देव, विवेकानन्द व अब्दुल कलाम वार्ड में वरिष्ठ नागरिकों के घर पहुंच कर उनसे भेंट की। अध्यक्ष प्रकाश झा व अविनाश श्रीवास्तव ने बताया कि भाजपा स्थापना दिवस पर संगठन द्वारा जनता के शहरी क्षेत्र में 22 शक्ति केंद्र में आने वाले सभी 48 वार्डों में अभियान किया जा रहा है। अभियान में निगम अध्यक्ष ▶▶| शेष पेज 10 पर




## खबर संक्षेप



### महारानी में 12 मरीजों का मोतियाबिंद आपरेशन

**जगदलपुर।** महारानी अस्पताल मोतियाबिंद मरीजों के लिए वरदान साबित हो रहा है। प्रति दिन की भांति शुक्रवार को लोहंडीगुड़ा के 8 मरीज एवं ओडिसा के चार मरीजों का सफलतापूर्वक मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया गया। लोहन्डीगुड़ा ब्लॉक की नेत्र सहायक अधिकारी नवीना कश्यप ने मारडूम के मोतियाबिंद से पीड़ति चार बच्चों को महारानी अस्पताल लाया। जहां कलेक्टर आकाश छिकारा, सीएमएचओ डॉ. संजय बसाक, महारानी अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. संजय प्रसाद के निर्देश पर मरीजों की जांच के बाद 10 अप्रैल को महारानी अस्पताल में 12 वर्षीय हंसराज, बलदेव, 9 वर्षीय बेसी, 8 वर्षीय मनीषा का नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सरिता थामस ने ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के बाद अब बेहतर देख पा रहे, इतने दुर्गम जगह से इन बच्चों को लाना एक सरहनीय कार्य है। नेत्र सहायक अधिकारी दिव्या पांडे, नितीक्षा और गोपाल कुरील का भी सहयोग रहा।

### ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस के साथ मनाया गया आवास दिवस




कोण्डागांव। जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में 'चावल महोत्सव' के अवसर पर रोजगार दिवस एवं आवास दिवस का संयुक्त आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण सहित अन्य योजनाओं के तहत स्वीकृत मकानों को 90 दिनों के भीतर पूर्ण करने के लिए हितग्राहियों को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों ने हितग्राहियों को किश्तों की जानकारी देते हुए उनकी समस्याओं का तत्काल निराकरण किया। क्यूआर कोड के माध्यम से योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है, वहीं क्लार्ट ऐप के उपयोग का प्रशिक्षण भी दिया गया। मनरेगा अंतर्गत कायोंर् को शीघ्र पूर्ण करने तथा नए कार्य शुरू करने के निर्देश दिए गए, साथ ही स्व–सहायता समूहों को आयवर्धन गतिविधियों से जोड़ने पर जोर दिया गया। मोर–गांव–मोर–पानी' अभियान के तहत नए तालाब निर्माण एवं जल संरक्षण की कार्ययोजना तैयार की गई। जिला पंचायत सीईओ ने निर्देश दिए कि प्रत्येक माह की 7 तारीख को रोजगार दिवस एवं आवास दिवस का नियमित आयोजन किया जाए।

# महिला आरक्षण बिल से महिलाओं को मिलेगा राजनीतिक बल : लता उसेंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं विधायक सुश्री लता उसेण्डी ने महिला आरक्षण बिल को महिलाओं के राजनीतिक सशक्तीकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लोकसभा में प्रस्तावित यह बिल देश की महिलाओं के जीवन में बड़ा परिवर्तन लाएगा। सुश्री उसेण्डी ने कहा कि भाजपा सरकार ने महिलाओं को राशन कार्ड में परिवार की मुखिया का दर्जा दिया, पंचायत चुनावों में 50: आरक्षण सुनिश्चित किया, महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को प्रतिमाह 1000 आर्थिक सहायता दी जा रही है, प्रदेश में महतारी सदन निर्माण जैसे कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि विधायी संस्थाओं में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी से देश की मातृशक्ति को नई दिशा मिलेगी और आने वाला समय महिलाओं के लिए अवसरों से भरपूर होगा। सुश्री लता उसेण्डी के अनुसार, महिला आरक्षण बिल केवल कानून नहीं बल्कि देश की आधी आबादी को सशक्त बनाने की मजबूत पहल है, जो भारत के लोकतंत्र को और मजबूत बनाएगी।

## 33 प्रतिशत आरक्षण से बढ़ेगी भागीदारी, लोकतंत्र होगा और सशक्त

### महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना जरूरी

सुश्री उसेण्डी ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना केवल प्रतिनिधित्व का विषय नहीं, बल्कि लोकतंत्र को अधिक संवेदनशील, संतुलित और उत्तरदायी बनाने का प्रयास है। इससे नीति निर्माण में महिलाओं की भूमिका मजबूत होगी।



### 33 प्रतिशत आरक्षण से मिलेगा नया अवसर

उन्होंने बताया कि संसद द्वारा पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के तहत लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान किया गया है। आगामी चुनावों में इस व्यवस्था के लागू होने की दिशा में कदम बढ़ाए जा रहे हैं।

## कोकोडी गांव की घटना से इलाके में सनसनी, दो मासूम बच्चों के सिर से उठा माता–पिता का साया

# पारिवारिक कलह में पति ने पत्नी की हत्या कर खुद लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत कोकोडी गांव में पारिवारिक विवाद ने भयावह रूप ले लिया। आपसी झगड़े के दौरान पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी और बाद में खुद भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक और सनसनी का माहौल है।

### रास्ते में शुरू हुआ विवाद बना कारण

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दंपति किसी काम से बनियागांव गए थे। गुरुवार रात लौटते समय बल्लारी नाला के पास दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद शुरू हुआ, जो देखते ही देखते गंभीर झगडे में बदल गया।

### पत्नी की हत्या, फिर पति ने दी जान

बताया जा रहा है कि आवेश में आकर पति धनेश्वर ने अपनी पत्नी सुखबती नेताम पर



कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। गंभीर चोट लगने से पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के तुरंत बाद पति ने भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

### पुलिस जांच में जुटी

घटना की सूचना मिलते ही कोंडागांव पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है, घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है, फॉरेंसिक टीम द्वारा भी स्थल का निरीक्षण किया गया।

### दो मासूम बच्चों पर टूटा दुखों का पहाड़

इस दर्दनाक घटना में दंपति के दो छोटे बच्चों के सिर से माता–पिता का साया उठ गया। गांव में शोक का माहौल है स्थानीय लोग बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित हैं।

### समाज के लिए चेतावनी

यह घटना बताती है कि पारिवारिक विवाद और गुस्सा कितनी बड़ी त्रसदी का कारण बन सकता है। समय रहते संवाद और समझदारी से ऐसे हादसों को रोका जा सकता है। कोंडागांव की यह घटना पूरे समाज के लिए एक गंभीर संदेश है कि छोटे विवाद भी यदि नियंत्रण से बाहर हो जाएं, तो उनका परिणाम बेहद दुखद हो सकता है।

# खुड़खुड़िया जुआ अड्डे पर पुलिस का छापा, नगदी व सामग्री जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव/माकड़ी

जिले में अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना माकड़ी पुलिस ने जुआ खेलने–खिलाने वालों पर कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

### मुखबिर सूचना पर त्वरित कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा एवं एसडीओपी रूपेश कुमार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेन्द्र सिंह चौहान के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई की। मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम लुभा मेला स्थल के पीछे कुछ लोग खुड़खुड़िया जुआ खेला रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर दबिश दी।

### एक आरोपी गिरफ्तार

कार्रवाई के दौरान आरोपी रामचंद्र नेताम निवासी तितना सड़कपारा, थाना माकड़ी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत कार्रवाई की गई।



### नगदी और जुआ सामग्री जब्त

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1000 नगद, 01 झंडा–मुंडा चार्ट, 06 खुड़खुड़िया गोटा 01 टोकनी जप्त किए हैं।

### अवैध गतिविधियों पर जारी रहेगा अभियान

पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध जुआ, सट्टा और अन्य आपराधिक गतिविधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### टीम का सराहनीय योगदान

इस कार्रवाई में निरीक्षक ज्ञानेन्द्र सिंह चौहान, सउनि बोडकूराम नेताम, प्रधान आरक्षक एवं आरक्षक स्टाफ का विशेष योगदान रहा। माकड़ी पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था मजबूत होने के साथ अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने का स्पष्ट संदेश गया है।

# माकड़ी पुलिस ने गुमशुदा बालिका को खोजकर परिजनों को सौंपा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

- लगातार प्रयास के बाद बाजारपारा से मिली पिंकी मरकाम, परिवार में लौटी खुशियां

जिले में चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत थाना माकड़ी पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हुए एक गुमशुदा बालिका को सुरक्षित बरामद कर उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया। प्रार्थी रतनलाल मरकाम निवासी सोहंगा ने 6 अप्रैल 2026 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उनकी पुत्री पिंकी मरकाम 31 मार्च 2026 को घर से बिना बताए कहीं चली गई थी। मामले में थाना माकड़ी में गुम इंसान कायम कर जांच शुरू की गई । ऑपरेशन मुस्कान के तहत लगातार खोजबीन पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा एवं एसडीओपी रूपेश कुमार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेन्द्र सिंह चौहान के नेतृत्व में टीम गठित कर बालिका की लगातार तलाश की जा रही थी। 10 अप्रैल 2026 को पुलिस टीम ने बालिका को कोंडागांव बाजारपारा से सुरक्षित दस्तयाब किया। बालिका को थाना लाकर विधिवत प्रक्रिया पूरी की गई। इसके बाद उसे परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

### परिवार में लौटी खुशियां

गुमशुदा बालिका के सुरक्षित मिलने से परिवार ने राहत की सांस ली और पुलिस का आभार व्यक्त किया।

### पुलिस टीम का सराहनीय योगदान

इस कार्यवाही में निरीक्षक ज्ञानेन्द्र सिंह चौहान, महिला प्रधान आरक्षक शांति ध्रुव, प्रधान आरक्षक निर्मल मण्डावी का विशेष योगदान रहा। ऑपरेशन मुस्कान के तहत माकड़ी पुलिस की इस सफलता ने एक बार फिर साबित किया कि पुलिस जनसुरक्षा और संवेदनशीलता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रही है।

# महिलाओं को छोटी साड़ी देना, सरकार की बेजा हरकत : नेताम

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष संतराम नेताम ने कहा कि साय सरकार में कोई ऐसा विभाग नहीं है जहां बिना कमीशन के काम हो जाए। सरकार का महिला एवं बाल विकास विभाग तो भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को छोटी साड़ी देकर सरकार ने भ्रष्टाचार की इंतहा को पार कर दिया। सरकार ने बहनों का चीरहरण घोटाला कर दिया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को 6.3 मीटर की जगह 5 मीटर और 4.5 मीटर से भी कम लंबाई और चौड़ाई एवं घाटिया साड़ियां महिला एवं बाल विकास विभाग में वितरण किया गया है। साड़ियों के लंबाई और चौड़ाई में कम होने के कारण महिलाएं साड़ी का उपयोग नहीं कर पा रही। जो साड़ी हथकरघा के बुनकरों से 500 रू. में लेना था वही साड़ी गुजरात से 100 रू. में खरीद कर 500 रू. की बिलिंग करवा ली गयी। पूरी की पूरी भाजपा सरकार कमीशनखोरी में लगी है। भाजपा सरकार कमीशनखोरी में लगी, बिना कमीशन के काम नहीं होता। संतराम नेताम ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग में एक महिला मंत्री के होते हुए महिलाओं के साथ उनके अधिकार पर डाका डाला जा रहा है और महिला मंत्री कमीशन-कमीशन खेल रही हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग में यह पहली बार नहीं हुआ है इससे पहले भी कई भ्रष्टाचार सामने आए हैं। आंगनबाड़ी केंद्रों में 40 करोड़ से अधिक की पोषण सामग्री खरीद में अनियमितता की गयी तथा सामूहिक कन्या विवाह योजना में बिना टेंडर वर्क आर्डर के काम दे दिया गया एवं प्रदेश के लगभग 2899 आंगनबाड़ी केंद्रों में 16 करोड़ की लागत से टीवी और आरओ यूनिट की खरीद में नियमों की अनदेखी की गई है, इसमें केंद्रीकृत टेंडर के बजाय टुकड़ों में खरीद कर भ्रष्टाचार किया गया है।



# फरसगांव में क्रिकेट का महाकुंभ 13 से

**फरसगांव।** क्षेत्र में क्रिकेट का जुनून एक बार फिर चरम पर पहुंचने वाला है। युथ स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब (वायएससी) के तत्वावधान में प्लास्टिक बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 का आयोजन 13 से 16 अप्रैल तक हाई स्कूल ग्राउंड, फरसगांव में किया जाएगा। इस टूर्नामेंट की खासियत यह है कि सभी मुकाबले नाइट मैच के रूप में खेले जाएंगे, जिससे खिलाड़ियों के साथ-साथ दर्शकों को भी रोशनी के बीच रोमांचक क्रिकेट का लुत्फ उठाने का मौका मिलेगा। आयोजन समिति के अनुसार, प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रति टीम 500 रुपये पंजीयन शुल्क निर्धारित किया गया है।टूर्नामेंट में विजेता टीम को 15,000 रुपये एवं ट्रॉफी, जबकि उपविजेता टीम को 10,000 रुपये एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने में प्रायोजक फरसगांव के स्थानीय व्यापारी केवी जनरल स्टोर संचालक मो. फिरोज मेमन का सहयोग मिल रहा है, जिसमे खुद प्रमुख रूप से शामिल हैं। आयोजकों ने सभी इच्छुक टीमों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द पंजीयन कर इस रोमांचक प्रतियोगिता का हिस्सा बनें।

# संपूर्णता अभियान के तहत माकड़ी ब्लॉक का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



राज्य नीति आयोग की संयुक्त संचालक डॉ. भावना दीक्षित ने संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत माकड़ी विकासखंड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आंगनवाड़ी केंद्र शामपुर, सलना, शासकीय विद्यालय चिलपुटी, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका छात्रवास, प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माकड़ी का भ्रमण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई।

### अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

डॉ. दीक्षित ने संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं में सुधार और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए दिशा–निर्देश प्रदान किए।

### जनपद पंचायत में हुई समीक्षा बैठक

इसके बाद जनपद पंचायत माकड़ी में बैठक आयोजित कर सभी इंडिकेटर्स की विस्तार से समीक्षा की गई।

### 100 प्रतिशत सैचुरेशन सुनिश्चित करने पर जोर

बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी लक्ष्यों को अप्रैल माह तक 100 प्रतिशत पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

### अधिकारी एवं कर्मचारी रहे उपस्थित

इस दौरान जनपद पंचायत सीईओ, एबी फेलो संतोष कुमार सितारे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## माताओं को दी गई बच्चों की पढ़ाई, स्वास्थ्य और व्यक्तित्व विकास की जानकारी

# अंगना में शिक्षा पढ़ाई तिहार का किया सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिले के विकासखंड मर्दापाल अंतर्गत संकुल सोनाबाल के शासकीय प्राथमिक शाला खुटपारा एवं जनपद प्राथमिक शाला सोनाबाल में 'अंगना में शिक्षा पढ़ाई तिहार 2026 का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रीष्मावकाश के दौरान बच्चों की शिक्षा को निरंतर बनाए रखना तथा उनके स्वास्थ्य और व्यक्तित्व विकास पर ध्यान केंद्रित करना रहा।

### माताओं को दी गई महत्वपूर्ण जानकारी

कार्यक्रम में विद्यार्थियों की माताओं को स्थानीय हल्बी बोली में ग्रीष्मकाल में बच्चों की पढ़ाई जारी रखने के उपाय, स्वास्थ्य सुरक्षा एवं सामान्य बीमारियों से बचाव, गणवेश एवं स्वच्छता संबंधी जानकारी सरल और सहज तरीके से दी गई। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केंद्र चलानपारा एवं खुटपारा सोनाबाल के कार्यकर्ता, सहायिकाएं और छोटे बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। इससे कार्यक्रम और अधिक प्रभावी एवं जनसहभागिता वाला बना।



### न्यौता भोज और सहयोग

कार्यक्रम के दौरान हरिलाल पोयाम विश्वकर्मा द्वारा फूलगोभी, हरी धनिया, टमाटर, मिर्च और बिस्कुट वितरित कर आंशिक न्यौता भोज कराया गया।

### शिक्षा के महत्व पर जोर

युवा सामाजिक कार्यकर्ता इंद्रेश सोड़ी ने शिक्षा के महत्व पर अपने विचार रखते हुए कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए परिवार और समाज दोनों की जिम्मेदारी महत्वपूर्ण है।

### स्मार्ट माता का किया गया चयन

कार्यक्रम के अंत में सीमा सोड़ी, ममता सोड़ी, इलियम सोड़ी को करतल ध्वनि के साथ स्मार्ट माता चुना गया। इन्हें क्षेत्र की अन्य माताओं को बच्चों की शिक्षा में सहयोग देने की जिम्मेदारी भी सौंपी गई।

### सोनाबाल स्कूल में भी आयोजन

शासकीय जनपद प्राथमिक शाला सोनाबाल में भी इसी अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जागेश्वरी कश्यप को 'स्मार्ट माता' का ताज पहनाया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षक एवं संकुल समन्वयक की सक्रिय भागीदारी रही।

### सफल आयोजन में इनका रहा योगदान

कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधान अध्यापक हितेंद्र कुमार श्रीवास, सहायक शिक्षक रुखमणी साहू, रसोइया जगत नेताम, रघुवीर नेताम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अंत में संस्था प्रमुख ईश्वरी कौमार्य ने आभार व्यक्त किया। 'अंगना में शिक्षा पढ़ाई तिहार' जैसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्रें में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और बच्चों के सवांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## पेज 9 के शेष

### बस्तर के मुद्दे पर....

सकेगा। उन्होंने कहा कि जब बस्तर में हवाई सेवा और सड़क कनेक्टिविटी विकसित हो चुकी है तो मुख्यालय यहां लाने में कोई बाधा नहीं होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने यह भी मुद्दा उठाया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के नाम पर बंद किए गए 10763 स्कूलों में से आज भी लगभग 40 प्रतिशत स्कूल बंद हैं जिससे शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

**आंदोलन की चेतावनी :** बैज ने सरकार को एसटी-एससी विरोधी बताते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के दौरान बनाए गए आरक्षण कानून को राजभवन में दबा दिया गया है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या भाजपा नहीं चाहती कि एसटी-एससी वर्ग को उनका संवैधानिक अधिकार मिले। इस मुद्दे को जनविरोधी बताते हुए आंदोलन की चेतावनी दी गई है।

### ट्रैवल एजेंसी उपभोक्ता ....

शुल्क प्राप्त कर वांछित स्थान पर नहीं ले जाया जाना एवं रुकने हेतु अच्छी होटल का प्रबंध न करना सेवा में कमी एवं व्यावसायिक कदाचरण की श्रेणी में आता है। इसके लिए यह ट्रैवल एजेंसी पूर्ण रूप से जिम्मेदार है। इस संबंध में आवेदिका को हुई मानसिक पीड़ा हेतु 50 हजार रूपए की क्षतिपूर्ति पृथक से दिए जाने का आदेश पारित किया गया है।

### धघर चलो अभियान ....

खेम सिंह देवांगन, श्रीधर ओझा, सफीरा साहू, संजय चंद्राकर, शशिनाथ पाठक, सुधा मिश्रा, विक्रम सिंह यादव, दिगम्बर राव, संतोष बाजपेयी,आशा साहू,कलावती कसेर, माधवी मंडल, डिकेंस नाग, बृजेश कपूर, सुलोचना मंडावी, राजपाल कसेर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

### ग्राम सभा 14 को

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ पंचायती राज अधिनियम 1993 की धारा 6 में निहित प्रावधानों के अनुसार 14 अप्रैल को आयोजित ग्रामसभा में महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विशेष रूप से चर्चा करने हेतु समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को कलेक्टर द्वारा निर्देश दिया है। जिसके अन्तर्गत ग्राम सभा की पूर्व बैठक में पारित संकल्पों के क्रियान्वयन संबंधी पालन प्रतिवेदन। पंचायतों के विगत तिमाही के आय-व्यय की समीक्षा एवं अनुमोदन की जाये।

# चिकित्सा शिविर, खेल व आजीविका साधनों का वितरण, ग्रामीणों ने जताया आभार

**सिविक एक्शन कार्यक्रम में 600 से अधिक ग्रामीण लाभान्वित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

सिविक एक्शन प्रोग्राम (सीएपी) की निरंतरता में तथा शालिन, आईपीएस, आईजी (छत्तीसगढ़) के निर्देशानुसार, ए/226 बटालियन द्वारा 10 अप्रैल 2026 को जिला सुकमा के गोरगुंडा में एक

- **जनभागीदारी से मजबूत हुआ विश्वास जरूरतमंदों तक पहुँची राहत सामग्री**

सिविक एक्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आनंद सिंह राजपुरोहित, डीआईजी (ऑप्स), सुकमा तथा कमांडेंट एच.पी. सिंह की उपस्थिति रही। इसका उद्देश्य स्थानीय जनता को



आवश्यक सहायता उपलब्ध कराना और उनके साथ विश्वास एवं सहयोग की भावना को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम में गोरगुंडा, देवरपाली, पुनपल्ली, नेलवाड़ा, टोयापारा, रेगनपारा सहित आसपास के गांवों व पाड़ों से 600 से अधिक ग्रामीण लाभान्वित हुए। इस दौरान शैक्षणिक सामग्री जैसे कॉपियां, पेन-पेंसिल बॉक्स, स्कूल बैग व चित्रांकन किट; उपयोगी सामग्री जैसे 200 लीटर जल भंडारण टैंक, सौर लैंप व टिन शीट; खेल सामग्री जैसे वॉलीबॉल, फुटबॉल, जाल, कैरम बोर्ड व पूर्ण क्रिकेट किट; घरेलू सामग्री जैसे एल्युमिनियम कड़ाही, पतीला, स्टील बर्तन, चम्मच, छाते, साड़ियां, लुंगी, मच्छरदानी व डबल लेयर कंबल; तथा आजीविका सामग्री जैसे साइकिल, सिलाई मशीन, फावड़ा, कुल्हाड़ी व गैंती वितरित किए गए।

कार्यक्रम के अंतर्गत चिकित्सा अधिकारी डॉ. बोकम नागमणि के निर्देशन में स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया, जिसमें ग्रामीणों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाइयां वितरित की गईं। इस दौरान आनंद सिंह राजपुरोहित ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य जीवन स्तर में सुधार, शिक्षा को बढ़ावा देना और स्थानीय लोगों को भटकाव से दूर रखना है। उन्होंने क्षेत्र के विकास व जनकल्याण के प्रति सुरक्षा बलों की प्रतिबद्धता दोहराते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम जारी रखने का आश्वासन दिया। सभी ग्रामीणों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई, जिससे आपसी सद्भाव और विश्वास और मजबूत हुआ। ग्रामीणों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए सुरक्षा बलों के प्रयासों के प्रति आभार व्यक्त किया।

**कार्यक्रम की खास बातें**

गोरगुंडा में आयोजित सिविक एक्शन कार्यक्रम में 600 से अधिक ग्रामीणों की सहभागिता रही, जहां शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, घरेलू उपयोग और आजीविका से जुड़ी सामग्रियों का व्यापक वितरण किया गया। स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को प्राथमिक उपचार और दवाइयों की सुविधा मिली, वहीं बच्चों और युवाओं को खेल सामग्री देकर सकारात्मक गतिविधियों की ओर प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक भोजन ने सामाजिक समरसता को और सुदृढ़ किया, जिससे सुरक्षा बलों और स्थानीय समुदाय के बीच विश्वास और सहयोग का रिश्ता और मजबूत हुआ। कार्यक्रम में द्वितीय कमान अधिकारी रणविजय कुमार, डॉ. बोकम नागमणि (एसएमओ), पोस्ट कमांडर इंस्पेक्टर मयंक सहित अन्य अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे।

## कोन्टा-गोलापल्ली मार्ग में अवैध उत्खनन के साथ हो रही जंगल की कटाई

# निर्माण कार्यों में हजारों पेड़ों की बलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

सुकमा जिले में वन विभाग की लगातार कार्रवाई से अवैध उत्खनन व जंगल कटाई करने वालों में जहां हडकंप व्याप्त है तो दुसरी ओर कोंटा रेंज में हजारों की संख्या में पेड़ो को ठेकेदार द्वारा काट दिया गया। इसके अलावा वन क्षेत्र से अवैध उत्खनन जोरो पर है।

सुकमा जिले में नक्सलवाद पर जहां विराम लग गया है तो दुसरी आरे अब अवैध करोबारियों की संख्या में भी ईजाफा होने लगा है। खासकर सुकमा वनमंडल के गोलापल्ली, किष्टाराम,

- **वन विभाग के रेंजर ने 3 वर्ष पूर्व की थी कार्रवाई**

कोन्टा क्षेत्र में ठेकेदारों के हौसले इतने बुलंद हो गए है कि दिनदहाड़े अवैध कृत्यों को अंजाम दे रहे है। हालांकि सुकमा वनमंडल के गोलापल्ली, किष्टाराम क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई पिदले कुछ माह से चल रही है तो दुसरी ओर कोन्टा रेंज की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

### 2023 के बाद कार्रवाई शून्य

कोन्टा से गोलापल्ली के मध्य करोड़ो रूपयों की लागत से बन रहे सड़क मार्ग अब सुर्खियो में आ गया है। कोन्टा रेंज के अंतर्गत 10 किमी





परिधि में बन रही सड़क पर वन विभाग की अच्छी खासी मेहरबानी हे। संवाददाता ने स्वयं उक्त मार्ग पर सफर के दौरान देखा कि बंडा से मेहता नाले तक हजारों की संख्या में छोटे बड़े पेड़ो की बली चढ़ा दी गई है। विभागीय सुत्रो का कहना है कि 2023 के दौरान महज खानापूर्ति करते हुए छोटी सी सी कार्रवाई की गई थी।

बंडा, मेहता जंगल में सरकारी पेड़ों की अवैध कटाई का बड़ा मामला सामने आया है। आरोप है कि वन विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से सड़क निर्माण के नाम पर संरक्षित हरे सागौन सहित अन्य पेड़ों को काटा जा रहा है। सूत्रों के अनुसार लोनिवि के ठकेदार द्वारा बडे. बड़े मशीनों का के साथ पेड़ों की अवैध कटाई की जा रही है। इन कटे हुए पेड़ों की लकड़ी को सीमावर्ती राज्य तेलांगना में बेचा जाता है। स्थानीय लोगों ने यह भी आरोप लगाया है कि बिना वन विभाग की सहमति के इतनी तादात में अवैध कटाई संभव नही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इस मामले की समय रहते निष्पक्ष जांच नहीं की गई, तो जंगलों को भारी नुकसान होगा और पर्यावरण पर भी इसका गंभीर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। फिलहाल, यह देखना बाकी है कि जिम्मेदार अधिकारी इस पूरे मामले में क्या कार्रवाई करते हैं और इन गंभीर आरोपों की जांच कब तक शुरू होती है।

### अवैध मुरूम व गिट्टी का खनन

कोन्टा रेंज के अंतर्गत लोनिवि द्वारा बनाई जा रही सड़क के ठेकेदार के हौसले इतने बुलंद है कि वन क्षेत्र में अवैध कटाई के साथ साथ अवैध तरीके से मुरूम व गिट्टी का भी खन्न किया जा रहा है। बताया जाता कि कोंटा रेज अन्र्तगत बन रही सड़क के ठेकेदार बालाजी कंट्रक्शन द्वारा उक्त अवैध खनन किया जा रहा है। देखने में आया है कि सड़क किनारे महज चंद मीटर की दुरी से ही मुरूम व गिट्टी निकाल कर उपयोग में लाया जा रहा है। इधर उक्त खनन से सैकड़ो कई पेड़ो के अस्त्तिव पर भी खतरा उत्पन्न हो गया है।

### नहीं होती गश्त

वन विभाग के ही सुत्रो ने बताया कि कोंटा रेज के अधिकारी व कर्मचारी कभी भी बंडा मेहता की ओर गश्त में नही जाते है। वर्तमान परिस्थितियों में जहां नक्सलवाद लगभग समाप्ति की ओर है तो दुसरी ओर वन अमला अभी भी दहशते के साये में है। बताया तो यह भी जाता है कि आज कि स्थिति में भी बड़े बड़े टिप्पर व जेसीबी दिनदहाड़े अवैध उत्खन्न में लगी हुई है।

**शिकायत मिलेगी तब जाएंगे**

इस मामले मे कोन्टा रेजर महेश पासवान ने कहा कि अभी तक हमारे पास किसी ने भी शिकायत नही की है अगर शिकायत आऐगी तब कार्रवाई करेंगे। हालांकि रेंजर श्री पासवान ने स्वीकार किया कि 3 वर्ष पूर्व कार्रवाई की गई थी उसके बाद कोई भी कार्रवाई पंजीबद्ध नही की गई।

**15 करोड़ की सड़क और अवैध उत्खनन**

कोन्टा से गोलापल्ली तक किमी 10 से 28 तक निर्माण एजेंसी बालाजी कंट्रक्शन के नाम से है जो कि 15 करोड़ के लगभग है। लोनिवि के एक जिम्मेदार अधिकारी की माने तो ठकेदार अपनी राजनीति पहुंच का हवाला देते हुए स्थांतरण की धमकी देता है। सबसे अहम बात है कि इतने बड़े कार्य होने के बावजुद मुरूम व गिट्टी का अवैध उत्खन्न चर्चा में है। ठेकेदार और वन विभाग की सांठगांठ के बिना इतना बड़ा अवैध उत्खन्न कैसे संभव है।

## बस्तर में प्रगणक व सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर/भोंड

बस्तर तहसील अंतर्गत शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कन्या बस्तर में प्रगणक एवं सुपरवाइजरों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। प्रशिक्षण के प्रथम चरण में 72 प्रगणक एवं 18 सुपरवाइजर शामिल हुए।

प्रशिक्षण का निरीक्षण सर्वप्रथम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गगन शर्मा ने किया। उनके साथ पुलिस एसडीओपी भारती भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रशिक्षण व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों से संवाद कर उनकी तैयारियों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील कार्य है, जिसे पूरी गंभीरता, सजगता और जिम्मेदारी के साथ किया जाना आवश्यक है। शुभारंभ जनगणना चार्ज अधिकारी जॉली जेम्स द्वारा किया गया। उन्होंने प्रशिक्षण के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि जनगणना कार्य राष्ट्रीय महत्व का है और इसकी जिम्मेदारी मिलना सौभाग्य की बात है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने और पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रशिक्षक नायब तहसीलदार फूलबत्ती भूआर्य, प्राचार्य चंद्रभान मिश्रा, राजीव पटेल, मनोज सिंह, कुलेश्वर यादव, कानूनगो सौरभ कुजूर एवं महेश बघेल उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में सभी प्रगणक एवं पर्यवेक्षक उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान तहसीलदार एवं जनगणना चार्ज अधिकारीने प्रतिभागियों को जनगणना से जुड़े विभिन्न प्रावधानों एवं कार्यप्रणाली की विस्तारपूर्वक जानकारी दी तथा कार्य को समयबद्ध और त्रुटिरहित तरीके से संपन्न करने के निर्देश दिए।

## 241 बस्तरिया बटालियन ने मनाया शौर्य दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

241 बस्तरिया बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने वाहिनी मुख्यालय ग्राम सेहवा में 9 अप्रैल को हरविन्दर सिंह कमाण्डेन्ट के नेतृत्व में शौर्य दिवस बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर कमाण्डेन्ट ने शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी एवं क्वार्टर गार्ड पर सलामी ली और सभी अधिकारियों एवं जवानों को शपथ दिलायी गयी।

आज ही के दिन 1965 में गुजरात की कच्छ की खाड़ी में सीआरपीएफ की छोटी सी टुकड़ी पर पाकिस्तान ब्रिगेड द्वारा अचानक हमला कर दिया गया था। जिसमें सीआरपीएफ की छोटी सी टुकड़ी द्वारा इतिहास रचते हुए पाकिस्तानी ब्रिगेड को पीछे धकेलकर मुंहतोड़ जवाब दिया गया तथा हमले को सफलतापूर्वक विफल कर दिया गया जिसमें सीआरपीएफ के 6 जवान शहीद हुए थे एवं सीआरपीएफ के जवानों द्वारा 34 पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराया गया था। इस घटना के शहीदों द्वारा अपने प्राणों की आहुति देने वाले बलिदानियों की याद में देश के प्रत्येक पुलिस फोर्स में आज के दिन शौर्य दिवस



मनाया जाता है। इस अवसर पर 241 बटालियन के शहीद कार्मिकों की वीरगाथा एवं उनके सर्वोच्च बलिदान को याद किया गया तथा शहीद कार्मिकों के परिवारजनों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर परिचालनिक प्रशासनिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों कार्मिकों को डीजी डिस्क एवं प्रशस्ति पत्र से अलंकृत किया गया। इस कार्यक्रम में संजय कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी, सिमरन बाला, सहायक कमाण्डेन्ट, अधिनस्थ अधिकारीगण एवं जवान उपस्थित रहे।

### बाल विवाह मुक्त पंचायतों की होगी घोषणा

**बीजापुर।** राज्य सरकार द्वारा संचालित बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत जिला बीजापुर की 24 ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त घोषित किया जाना है। यह अभियान मुख्यमंत्री द्वारा 10 मार्च 2024 को शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य वर्ष 2028-29 तक पूरे राज्य को बाल विवाह मुक्त बनाना है। शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिले की 40 प्रतिशत ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों को बाल विवाह मुक्त घोषित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी दिशा में चयनित 24 ग्राम पंचायतों ने पिछले दो वर्षों में बाल विवाह की कोई घटना न होने की पुष्टि की है। ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सचिव द्वारा जारी प्रमाण पत्र के आधार पर इन पंचायतों को बाल विवाह मुक्त घोषित किया जाना है।

## स्वास्थ्य जांच में होगी डोर टू डोर स्क्रीनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक के निर्देशानुसार शासन की महत्वपूर्ण अभियान स्वस्थ्य बस्तर अभियान की बैठक खण्ड चिकित्सा अधिकारी एवं बीपीएम ने ली।

बैठक में सभी प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र के प्रभारी डाटा इन्ट्री आपरेटर पर्यवेक्षक महिला, पुरुष उपस्थित हुए। इस अभियान में अधिकारी ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप स्वस्थ्य बस्तर की अवधारणा को साकार करना है। अभियान का लक्ष्य स्वस्थ्य बस्तर के




निर्माण हेतु यह सुनिश्चित करना कि प्रत्येक व्यक्ति सभी आयुवर्गी और भौगोलिक रूप से व्यवस्थित रूप से स्वास्थ्य जांच हो रोगों की समय पर पहचान हो और उन्हे विना विलंब के उपयुक्त उपचार या रेफरल सेवाएं उपलब्ध कराई जाएगी। बीपीएम संतोष सिंग ने इस अभियान का उद्देश्य बताया। इस अभियान में नवजात शिशु से लेकर वृद्धजन तक सभी की स्वास्थ्य संबंधी संपूर्ण जांच एवं उपचार किया जायेगा यह अभियान प्रत्येक पंचायतों के ग्राम पाराओ के लिए सूक्ष्म कार्य योजना तैयार कर लिया गया है। घर-घर जाकर स्वास्थ्य जांच डोर टू डोर स्क्रीनिंग की व्यवस्था की गई है। दुर्गम एवं पहुंच से दूर क्षेत्रों तक सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित की गई है, जनसंख्या का शत-प्रतिशत स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करना मुख्य लक्ष्य रखा गया है। इस अभिमान हेतु टीम का गठन कर लिया गया है। मुख्य रूप से टीम मे सामुदायिक स्वास्थन अधिकारी ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला, पुरुष डाटा इंट्री आपरेटर एवं मितानीन होगी प्रतिदिन शाम तीन बजे रिपोटिंग अपने सेक्टर प्रभारी के देना होगा। इस हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत से सहयोग लिया जायेगा प्रत्येक ग्राम पाराओ के सरंपचो के माध्यमम सेग्राम कोटवार के से मुनादी कर इस स्वस्थ्य बस्तर अभियान का लाभ प्रत्येक नवजात सेलेकर वृद्धजन तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता होगी।

## महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता ने संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित महिला आरक्षण विधेयक 2023 नारी शक्ति वंदन अधिनियम का स्वागत करते हुए इसे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक एवं क्रांतिकारी कदम बताया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच और महिला सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता का यह सशक्त उदाहरण है। यह विधेयक लोकसभा, राज्य विधानसभाओं एवं दिल्ली विधानसभा में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण प्रदान कर उन्हें निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी का अधिकार देगा। उन्होंने कहा कि देश में अब तक महिलाओं का राजनीतिक प्रतिनिधित्व अपेक्षाकृत कम रहा है, जबकि महिलाओं की क्षमता, नेतृत्व कौशल और समाज निर्माण में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस विधेयक के माध्यम से न केवल महिलाओं को समान अवसर मिलेगा, बल्कि लोकतंत्र और अधिक सशक्त



एवं समावेशी बनेगा। जिला अध्यक्ष ने विशेष रूप से इस बात का उल्लेख किया कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिये आरक्षित सीटों में भी महिलाओं के लिये आरक्षण का प्रावधान सामाजिक न्याय की दिशा में एक सराहनीय पहल है। भाजपा सरकार ने सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र को साकार करते हुए महिलाओं को राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिये निरंतर कार्य किया है।

# आयोजन सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं बल्कि एक मजबूत संदेश है : वेंकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

आज का यह आयोजन सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं बल्कि एक मजबूत संदेश है,नक्सलवाद के अंधकार पर लोकतंत्र की जीत निश्चित है।'गांव चलो, बस्ती चलो' अभियान के माध्यम से सरकार और संगठन सीधे जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। हमारी प्राथमिकता है कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और गांव-

- **कभी नक्सलियों का था साम्राज्य आज गूंज रहा है भारत माता की जयकार**

गरीब-किसान के जीवन में वास्तविक बदलाव आए। उक्त बातें प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष जी वेंकटेश्वर ने उसुर विकास खंड में आयोजित कार्यक्रमों में कही। भाजपा द्वारा इन दिनों गांव गांव व शहरों मे सथापना दिवस मनाया जा रहा है। इस कडी में भाजपा के कार्यकर्ता अब बिना किसी दहशत के बीजापुर के अंदरूनी क्षेत्रों मे पहुंच रहे है। यह वही क्षेत्र है, जहाँ कभी नक्सलियों का साम्राज्य था और प्रशासन का पहुँचना भी कठिन माना जाता था।



लेकिन आज उसी धरती पर, पूरे जोश और उत्साह के साथ का स्थापना दिवस मनाया गया। ढोल-नगाड़ों की गूंज, कार्यकर्ताओं का उत्साह और स्थानीय जनसमर्थन यह सब इस बात का प्रमाण है कि अब यह क्षेत्र बदल रहा है, डर नहीं, बल्कि लोकतंत्र और विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री श्रीनिवास मुदलियार, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जानकी कोरसा, जिला पंचायत सदस्य शंकरैया मड़वी, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष त्रिपति पुनेम, जनपद सदस्य श्रीमती सरोजनी सीपी, श्रीमती रवना झाड़ी, श्रीमती अर्चना मंडी, भाजपा जिला मंत्री सहदेव वासम, मंडल महामंत्री हरेकृष्ण मुंड, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी मोरला, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुधीर पद्म, जिला कन्या संयोजिका सुश्री चांदनी तेलम, दुर्गा प्रसाद पत्तेंगे सहित पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### कभी था भय का वातावरण लेकिन अब शांति

बीजापुर जिले के उसूर ब्लाक का ग्राम तिम्मापुरम, बासागुड़ा, फुत्केल एव हीरापुर जहाँ कभी नक्सलियों का आतंक था, वहां पहली बार इतनी बड़ी संख्या में ग्रामीण ने भाजपा का झंडा फहराया मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के विकास और सुशासन का संकल्प दोहराया। बीजापुर जिले दूरस्थ क्षेत्र उसूर तिमापुर ,फुत्केलक्षेत्र में आज एक ऐतिहासिक दृश्य देखने को मिला।

**नक्सलियों के खिलाफ हुई थी जनआंदोलन की शुरुआत**

प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष जी वेंकट ने कहा कि इसी जिले की धरती से नक्सलवाद के खिलाफ संघर्ष का बिगुल फूंका गया था। आज का यह आयोजन सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं बल्कि एक मजबूत संदेश है। नक्सलवाद के अंधकार पर लोकतंत्र की जीत निश्चित है। राष्ट्रहित सर्वोपरि के संकल्प के प्रति समर्पित भाजपा के स्थापना दिवस की सभी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की राष्ट्रवादी चिंतन और वैचारिक प्रेरणा से बनी भारतीय जनता पार्टी की स्थापना केवल एक राजनीतिक घटना नहीं, बल्कि राष्ट्र पुनर्निर्माण का संकल्प था। अंतिम पंक्ति के कल्याण की मूल भावना के साथ शुरू हुई भाजपा ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मंत्र को साकार किया है। भाजपा ने लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने के साथ देश को तुष्टीकरण से मुक्त व सुशासन, पारदर्शिता को स्थापित करने का कार्य किया है। आज भाजपा केवल एक पार्टी नहीं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों के सपनों और आकांक्षाओं की प्रतिनिधि बन चुकी है।

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जगदलपुर जिला-बस्तर (छ.ग.)**
दूरभाष क्रं.- 07782-222336, (कार्या.) फैक्स क्रं. 225777
ई-मेल spofficejdr@gmail.com

**// नीलामी सूचना //**

जिला बस्तर के विभिन्न थाना/चौकी में नारकोटिक्स मामलों में जप्त वाहनों की नीलामी की प्रक्रिया जिलाधीश बस्तर के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक बस्तर की अध्यक्षता में दिनांक 30.04.2026 दिन गुरूवार को रक्षित केन्द्र जगदलपुर में प्रातः 11:00 बजे से प्रारंभ की जावेगी। नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने वाले इच्छुक प्रतिभागी दिये गये सूची में दर्शित जिस वाहन की नीलामी प्रक्रिया में भाग लेना चाहते है। उक्त वाहन के मूल्यांकन राशि पुलिस अधीक्षक जगदलपुर, बस्तर के नाम डी.डी एवं आधार कार्ड की छायाप्रति आवश्यक रूप से नारकोटिक्स सेल पुलिस अधीक्षक कार्यालय जगदलपुर में दिनांक 13.04.2026 से दिनांक 27.04.2026 तक प्रातः 10.00 बजे से संध्या 05.30 बजे तक जमा कराकर उक्त प्रक्रिया में भाग ले सकते है।

**नीलामी संबंधी जानकारी** :- www.bastar.gov.in की वेबसाईट पर प्राप्त की जा सकती है।

नीलामी हेतु अमानत राशि (डी.डी) जमा करने की अंतिम तिथीः- 27.04.2026
नीलामी की तिथी :- 30.04.2026 के 11:00 बजे
नीलामी स्थान :- पुलिस लाईन जगदलपुर पुराना बस स्टैण्ड के सामने, जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग.

**पुलिस अधीक्षक, बस्तर, जगदलपुर**



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# SHAKUNTALA GROUP OF SCHOOLS

Ram Nagar || Risali Sector || Vaishali Nagar

SCHOOL INNOVATION COUNCIL | FIT INDIA | SMART CLASSROOM

## ADMISSION OPEN 2026-27

## SHAKUNTALA VIDYALAYA

Affiliated to CBSE, Ram Nagar, Bhilai



📞 0788 403 3217

## SHARDA VIDYALAYA

Affiliated to CBSE, Risali Sector, Bhilai



📞 0788 2265810

### SCHOOL FACILITIES

- Scholarship of more than Rs. 20 Lakhs to meritorious students
- Selection of students in various competitions like JEE, NEET etc
- Smart classes with CCTV monitored classrooms in all school premises
- Advanced Science Lab., Computer Lab. & Library
- State of the art AV room & Music room
- 24x7 Power Supply Via Genset

## SHAKUNTALA VIDYALAYA NO - 2

Affiliated to State Board, Ram Nagar, Bhilai

Class XI to XII | 📞 0788 2295357

## SHARDA VIDYALAYA

Affiliated to State Board, Vaishali Nagar, Bhilai

KG-1 to VIII | 📞 0788 4033623

## Shakuntala GURUKUL

Hostel

" घर से दूर.. एक घर "

- Seperate Hostel Facility for Boys and Girls.
- AC Hostel Room with attached Bathroom.
- In-Class Coaching Facility for students.
- Hot (Geyser) and Cold Water Facility.
- Dedicated Medical Facility.



📞 883 998 2041

Ram Nagar, Bhilai

Deepak Advertisers